# बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं रहवासी









**वार्ड परिक्रमा**
**वार्ड - 47**

**विजय शर्मा**

**भोपाल, 31 मई. नगर निगम के वार्ड 47 में आज भी बुनियादी सुविधाओं की कमी है. रहवासी नाली, सफाई और पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं. पार्षद को निर्वाचित हुए लगभग चार साल हो गए हैं. यहां से भाजपा की गिरिजा राजेश खटीक पार्षद हैं.**

वार्ड के कुछ हिस्सों में कार्य हुए हैं तो कुछ आज भी अछूते हैं. वार्ड में विकास की दरकार है. कुछ क्षेत्रों में सड़क नाली, सीवेज, जैसी समस्या बनी हुई हैं. पार्षद पर भेदभाव के आरोप भी लग रहे हैं. यह आरोप कांग्रेस की पूर्व पार्षद प्रत्याशी लता देवरे ने लगाये हैं. नवभारत प्रतिनिधि ने वार्ड में जाकर देखा और रहवासियों से बातचीत की तो साफ-सफाई, सीवेज, कचरा जैसी मुख्य समस्याएं सामने आईं.

बंगाली कालोनी में मुख्य मार्ग की सड़क का निर्माण किया गया. उसके बाद अंदर कॉलोनी में सड़क का कार्य नहीं हुआ है. यहां की गलियों में सड़क पर कचरा पड़ा रहता है और नालियां तो कभी साफ होती ही नहीं. इस वजह से कुछ लोगों ने घरों में नाली का गंदा पानी भरने की जानकारी दी है. कुछ नालियों को सीवेज की लाइन में मिला दिया गया है,जिससे सीवेज जाम हो जाता है. वह सड़क पर या फिर निचले घरों में भर जाता है.

## मैंने विकास कार्य कराए हैं : पार्षद



हमारे द्वारा विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं. इन चार वर्षों सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है. 65 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है. शनि व खेड़ापति मंदिर और नाले की पुलिया भी बनाई गई है. वार्ड में नालियों का निर्माण, चार उद्यानों को बनवाया गया है. श्याम नगर में पेविंग ब्लॉक, भंते निवास निर्माण, सौंदर्यीकरण कराया गया वहीं सामुदायिक भवन प्रस्तावित है.

**गिरिजा राजेश खटीक,** पार्षद

## पार्षद भेदभाव कर रही हैं : लता



वार्ड की पार्षद द्वारा भेदभाव पूर्व कार्य किया जा रहा है. पंचशील नगर में ही कार्य किए जा रहे हैं. बाकी किसी भी कॉलोनी में कोई भी कार्य नहीं किए जा रहे हैं. सामुदायिक भवन और अस्पताल पूर्व विधायक पीसी शर्मा की विधायक निधि से बनवाया गया. जिसे यह अपना कार्य बता रही हैं. इसी तरह से शनि मंदिर सहित नालियों के कार्य भी पीसी शर्मा ने ही करवाये हैं. बंगाली कॉलोनी के साथ अन्य क्षेत्रों में कोई कार्य नहीं हो रहे हैं. सड़क तो 20 साल से नहीं बनी हैं. जहां इनके वोटर हैं, सिर्फ वहीं पर कार्य हो रहे हैं. सीवेज और नालियों की सफाई होती ही नहीं है. झाड़ू भी एक दिन छोड़कर लगाई जाती है.


**लता देवरे,** पूर्व कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी

## श्यामनगर : लगता है कभी सफाई नहीं हुई

श्याम नगर में तो प्रधानमंत्री आवास के सीवेज और वहां मल्टी के पीछे भारी मात्रा में कचरा पड़ा हुआ है. देखने से ऐसा लगता है कि वहां पर कभी सफाई नहीं हुई है. रहवासियों ने बताया कि सफाईकर्मी यहां पर कभी-कभार झाड़ू लगाने आते हैं. नलों में सिर्फ 20 मिनट पानी आता है. कचरा डालने के लिए इस क्षेत्र में कंटेनर ही नहीं रखा गया है. जिससे कचरा खुले में डालना पड़ा रहता है, जो हवा की वजह से पूरे श्याम नगर की सड़कों और गलियों में फैल जाता है. बरसात आने वाली सीवेज की वजह से घरों पानी भरने की समस्या होगी.

पंचशील नगर के खेल मैदान पर अतिक्रमण हो गया है.बताया जाता है कि पंचशील नगर में आठ खेल मैदान थे. जिन पर अतिक्रमण से दुकानें व मकान बनाए जा चुके हैं. वहीं सामुदायिक भवन स्कूल बन गए हैं. कुछ छोटे मैदान थे, जिन पर कहीं मंदिर तो कहीं शेड बनाकर कब्जा कर लिया गया है. इस वार्ड में बच्चों के खेलने के लिए अब कोई मैदान नहीं है.

## रहवासी बोले- हवा चलने पर घरों में आ जाता है कचरा



हमारे मोहल्ले में नाली की सफाई तो कभी होती ही नहीं है जिससे मच्छरों की भरमार है. वहीं झाड़ू भी समय पर नहीं लगती है. यहां पर आवारा कुत्तों की भरमार है जिनसे खतरा बना रहता है. रात में उपद्रवी घूमते रहते हैं,जो वाहनों को नुकसान पहुंचाते हैं.

**दुर्गाप्रसाद,**
रहवासी, बंगाली कॉलोनी



यहां पर सीवेज की समस्या मल्टी बनने के साथ से ही बनी हुई. बरसात में सीवेज का पानी घरों में भर जाता है. नलों में पानी भी बहुत कम आता है जिससे पानी की कमी बनी रहती है.

**वर्षा रजक,**
रहवासी श्याम नगर



इस क्षेत्र में झाड़ू नहीं लगाई जाती है, जिससे कचरा सड़कों और गलियों पड़ा रहता है. हवा चलने पर यह घरों में जाता है. कचरा वाहन भी एक दिन छोड़कर आता है.

**जमील खान,**
रहवासी, श्याम नगर



यहां की सीवेज की सफाई नहीं होती है. जिससे मल्टी में नीचे रहने वाले बदबू से परेशान रहते हैं. मल्टी के पीछे कचरे का ढेर लगा हुआ है. वहां पर कभी सफाई नहीं की गई. वहीं कचरे के लिए इस क्षेत्र में कंटेनर नहीं रखे गए हैं. जिससे लोग सड़क किनारे कचरा डालते हैं जो चारों तरफ फेलता रहता है.

**लक्ष्मी मालवीय,**
रहवासी, श्यामनगर

# मुबारकपुर से 50 लाख का अवैध सिरप बरामद

**▸एसटीएफ मुख्य सरगना को तलाश कर रही है**



**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 31 मई. एसटीएफ ने लगातार दूसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए मुबारकपुर से 50 लाख रुपए का अवैध नशीला कफ सिरप बरामद किया है. स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) अब सिरप मामले में मुख्य सरगना की तलाश में जुटी है.**

गांधीनगर इलाके में दो दिन पहले एसटीएफ ने करीब डेढ़ करोड़ रुपये कीमत के मिले नशीले सिरप का खुलासा किया था. शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को एसटीएफ ने मुबारकपुर में छापेमारी की. सिरप मामले में आरोपियों के ठिकाने की सूचना मिलने पर एसटीएफ की टीम वहां पहुंची. इसकी भनक आरोपियों को पहले से ही लग गई और सभी मौके से फरार हो गए. छापेमारी के दौरान टीम ने करीब 50 लाख रूपए का सिरप बरामद किया. बरामद कफ सिरप में ऑफ-कफ और ऑनरेक्स ब्रांड शामिल हैं. एसटीएफ मामले की जांच कर रही है और इस अवैध कारोबार से जुड़े आरोपियों की तलाश जारी है.

## मोबाइल चलाने पर पिता ने डांटा तो छात्रा ने खा लिया जहर, मौत

**भोपाल.** पिता की डांट से नाराज होकर एक 17 साल की छात्रा ने जहर खाकर अपनी जान दे दी. खुशी कुशवाहा निवासी ग्राम रतुआ 12 वीं कक्षा की परीक्षा इस साल प्रथम श्रेणी में पास की थी. खुशी के पिता जगदीश कुशवाहा ने शनिवार को खुशी, जब फोन चला रही थी. तब उन्होंने उसे डांट लगाई थी. इस बात नाराज होकर खुशी घर के बाथरूम में चली गई. बहुत देर तक जब वह बाहर नहीं निकली तो परिजनों अंदर गए. खुशी की तबीयत खराब देखकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई.

# सीबीआई ने तैयार कराया ट्विशा शर्मा का पुतला

## आरोपी पति और सास से पूछताछ जारी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 31 मई. सीबीआई की टीम लगातार ट्विशा शर्मा की मौत के मामले की जांच में जुटी है. आरोपी पति समर्थ और सास एवं रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह से मामले में पूछताछ भी जारी है.**

सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने अब ट्विशा का पुतला भी शरीर की लंबाई और वजन के हिसाब का तैयार कराया है, जिससे कटरा हिल्स स्थित निवास में घटनास्थल पर ले जाकर सीन री-क्रिएशन कराया जा सकता है. इसकी वजह यह बताई जा रही है कि ट्विशा का शव कथित तौर पर जहां लटका मिला. वह फंदा बहुत ऊंचा था और इसके लिए पलंग पर पेटी रखकर



ट्विशा के फंदे तक पहुंचने का कथित तौर पर दावा किया गया है. पलंग और पेटी की जब्ती शुरुआत से ही नहीं की गई थी. सीबीआई अब मामले में घटनास्थल पर रखे एक-एक सामान का मुआयना कर रही है. ट्विशा की मौत के मामले में सीबीआई की रिमांड पर आए उनके आरोपी पति समर्थ और सास गिरिबाला सिंह की तरफ से पलंग और पेटी को लेकर बयान दिया जा चुका है. खबर सामने आई है कि सीबीआई के अधिकारियों के कई सवालों के सामने आने पर रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बता रही हैं. गिरिबाला सिंह से सीबीआई की महिला अधिकारियों को पूछताछ के लिए बैठाया गया है. इसके साथ ही उनके स्वास्थ्य का ख्याल भी अधिकारियों की तरफ से रखा जा रहा है.

गिरिबाला सिंह के बेटे समर्थ सिंह से भी पूछताछ जारी है. समर्थ से पिछले कई दिनों से पूछताछ हुई है. पहले एसआईटी ने 3 दिन तक और अब सीबीआई भी 3 दिन से लगातार उससे पूछताछ कर रही है. दोनों से बातचीत पूरी होने के बाद ही माना जा रहा है कि कई एहम सूचना सामने आ सकती है.

कथित तौर पर क्राइम सीन से छेड़छाड़, सीसीटीवी फुटेज और डिजिटल सबूतों की सुरक्षा से जुड़े सवाल दोनों आरोपियों से की जा रही है और दोनों के बयानों का मेल भी कराया जा रहा है. ट्विशा के परिजनों और दोस्तों के व्हाट्सएप चैट के आधार पर उनके पति समर्थ से सवाल जवाब जारी है.

# कल सेवा समाप्ति के विरोध में धरना

**संवाददाता**

**भोपाल,31 मई.पंचायत पेसा मोबिलाइजर कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश ने प्रदेश के पेसा मोबिलाइजर कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त किए जाने के विरोध में भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की है.**

प्रदेश के कई आदिवासी जिलों में काम कर रहे हजारों पेसा मोबिलाइजर कर्मचारी लंबे समय से पंचायत स्तर पर अपनी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन सेवा समाप्ति के आदेश के बाद कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ गई है. संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कुमार कुड़ापे ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों और सेवा बहाली को लेकर भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले यह आंदोलन किया जाएगा. यह धरना 2 जून से टीटी नगर स्थित नीलम पार्क में शुरू होगा.

## ▶ आज फिर प्रदर्शन करेंगे संगीत शिक्षक

**भोपाल.** प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक संगीत गायन वादन और नृत्य भर्ती परीक्षा 2024 के चयनित अभ्यर्थी एक बार फिर सड़कों पर उतरने जा रहे हैं. 1 जून को लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) अभ्यर्थी प्रदर्शन करेंगे. दोपहर 12 बजे से होने वाले इस प्रदर्शन के जरिए अभ्यर्थी अपनी नियुक्ति की मांग शासन के समक्ष रखेंगे. चयनित अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन सहित भर्ती की समस्त प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं.

## घायल युवक ने तोड़ा दम सिर में चाकू के घाव

**भोपाल.** हमीदिया अस्पताल में उपचार के दौरान एक घायल युवक की मौत हो गई. कोतवाली थाना पुलिस ने युवक पर हमला करने वाले आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. शव का पीएम कराते हुए पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है. कोतवाली थाना पुलिस जांच में जुट गई है. 23 वर्षीय युवक मो. मोईन का इलाज हमीदिया अस्पताल में चल रहा था. बीते गुरुवार की रात को मोईन को इतवारा इलाके में एक दुकान के सामने घायल अवस्था में देखा गया. उसके सिर पर चाकू से गहरे घाव होने की जानकारी सामने आई थी. युवक को इलाज के लिए हमीदिया में भर्ती कराया था.

# अवस्थी संभालेंगे कोलकाता एयरपोर्ट की जिम्मेदारी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 31 मई. राजाभोज एयरपोर्ट के डायरेक्टर रामजी अवस्थी अब कोलकाता एयरपोर्ट की जिम्मेदारी संभालेंगे. विभागीय ट्रांसफर प्रक्रिया के चलते वह अगले महीने में कोलकता जाएंगे. जून के तीसरे सप्ताह में अवस्थी वहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे.**

भोपाल एयरपोर्ट पर अपनी सेवाएं देते हुए अवस्थी ने हवाई यात्रियों की सुविधा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए.



राजाभोज एयरपोर्ट पर उन्होंने साल 2022 सितंबर में पदभार संभाला था और यहां उन्होंने करीब चार साल तक अपनी सेवाएं दी.

# पुलिस ने बदमाश को किया गिरफ्तार

## आरोपी के खिलाफ पहले से ही दर्ज हैं दर्जनभर से अधिक मामले

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 31 मई. चूनाभट्टी थाना पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया. आरोपी के खिलाफ हत्या ,अडीबाजी, अवैध हथियार, मारपीट जैसे दर्जनभर से अधिक मामले पहले से ही दर्ज है.**

पुलिस के मुताबिक फरियादी सुरेन्द्र सहारे (40) निवासी खुशीलाल अस्पताल की कैंटीन ने शनिवार को शिकायत दर्ज कराई. सुरेन्द्र ने पुलिस को बताया कि वह बाबा नगर में रहने वाले आरोपी दशरथ गजभिये ने अड़ीबाजी कर



शराब पीने के लिये उनसे 500 रुपये मांगे, जिसे देने से मना करने पर आरोपी ने गाली गलौच कर डंडे से उनकी मारपीट कर दी. आरोपी ने इस दौरान जान से खत्म कर देने की धमकी भी दी.आरोपी के खिलाफ चूनाभट्टी और कोलार थाने में अड़ीबाजी, अवैध हथियार, मारपीट,हत्या सहित एक दर्जन से अधिक अपराध पहले से दर्ज है.

**शिकायत** ▶ तलैया थाने में एफआईआर दर्ज कराई

# विधायक टी. राजा सिंह के खिलाफ टिप्पणी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 31 मई. तलैया थाने में हैदराबाद के विधायक टी. राजा सिंह को दी जा रही धमकियों को लेकर एफआईआर दर्ज कराई गई . जय मां भवानी हिंदू संगठन ने मामले को गंभीरता से लेकर पुलिस में शिकायत की.**

टी. राजा के भोपाल आगमन एवं प्रस्तावित धर्मसभा को लेकर सोशल मीडिया पर की गई कथित धमकीपूर्ण, आपत्तिजनक एवं भड़काऊ टिप्पणियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है. संगठन के



सदस्य आदर्श इनवाते ने मामले की शिकायत पुलिस में की है. टी.राजा को भोपाल आने की अनुमति नहीं मिल पाई है और इसको लेकर उन्होंने अपना एक वीडियो भी जारी कर अगले महीने भोपाल आने की बात कही है.

तलैया थाने में की गई शिकायत के अनुसार सोशल मीडिया पर अराज और मोहम्मद आमिर खान ने टी. राजा पर भड़काऊ टिप्पणियां की है. शिकायतकर्ता ने इन टिप्पणियों को न केवल धमकीपूर्ण और आपत्तिजनक बताया है, बल्कि सामाजिक वैमनस्य एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाला भी बताया है. जय मां भवानी हिंदू संगठन का कहना है कि किसी भी जनप्रतिनिधि, धार्मिक वक्ता अथवा नागरिक के विरुद्ध सार्वजनिक मंचों पर धमकी देना, अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना तथा समाज में भय और तनाव का वातावरण निर्मित करना गंभीर विषय है.

ऐसे कृत्य सामाजिक सौहार्द्र एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत हैं और इनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई आवश्यक है. भवानी संगठन ने पुलिस द्वारा मामले में त्वरित संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज किए जाने की सराहना की है और मामले में जांच निष्पक्ष एवं प्रभावी ढंग से पूरी कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. संगठन की तरफ से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि जय मां भवानी हिंदू संगठन स्पष्ट करता है कि हिंदू समाज के सम्मान, राष्ट्र की एकता, एवं कानून के शासन की रक्षा हेतु उसका संघर्ष निरंतर जारी रहेगा. समाज में भय, अराजकता और वैमनस्य फैलाने वाले किसी भी असामाजिक तत्वों को कानून के दायरे में लाने के लिए संगठन सदैव प्रतिबद्ध है.

## युवती की मौत के मामले में जांच जारी

**भोपाल.** तलैया थाना पुलिस बड़े तालाब के पानी में तैरते मिली युवती के मौत की जांच में जुटी है. युवती के शरीर पर चोट के निशान होने की बात भी सामने आई है. हालांकि सोमवार को पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस जांच को आगे बढ़ाएगी. मामले में युवती के परिजनों ने लव जिहाद, दुष्कर्म और जबरन धर्मांतरण करवाने का आरोप लगाया है. परिजनों ने युवती की हत्या की आशंका भी जाहिर की थी. इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है. युवती के शरीर पर जो चोट के निशान पाए गए हैं, संभव है कि वह उसकी मौत के पहले के हों. इसकी जांच भी फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर ही स्पष्ट हो पाएगी.

# एसीपी मनीष भारद्वाज को भेजा पुलिस मुख्यालय

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 31 मई. एमपी नगर जोन-2 पुलिस संभाग के एसीपी मनीष भारद्वाज को पुलिस मुख्यालय भेजा गया है. गृह विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है. भारद्वाज 2023 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं. वह अपने ठोस निर्णय और जनता की सेवा के लिए जाने जाते हैं.**

जानकारी सामने आई है कि एक मामले में दर्ज हुई एफआईआर को लेकर उच्च अधिकारी उनसे नाराज चल रहे थे. भारद्वाज के अचानक हुए तबादले को लेकर अधिकारियों



की तरफ से कोई जानकारी साझा नहीं की गई है. आईपीएस भारद्वाज जोन-2 कार्यालय में सहायक पुलिस उपायुक्त के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे.